# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
## रेसीडेन्सी एरिया
## इन्दौर

क्रमांक–: 121/03/2016/प–9 इन्दौर, दिनांक 21/06/2017

## -::विज्ञप्ति::-

आयोग द्वारा आयोजित राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2017 जो कि 23.07.2017 से 26.07.2017 तक आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा हेतु दी गई आयोजना में प्रथम प्रश्न पत्र–सामान्य अध्ययन, पूर्णाक 200 जिसमें 'अ' भाग एवं 'ब' भाग हैं। प्रश्न पत्र का विभाजन प्रथम प्रश्न में 15 प्रश्न, द्वितीय प्रश्न में 10 प्रश्न एवं तृतीय प्रश्न में 03 प्रश्न किया गया है। यही विभाजन ऐच्छिक विषय I एवं II के लिये भी है। सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र में अंको का विभाजन 100 अंक 'अ' भाग एवं 100 अंक 'ब' भाग हेतु है। सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न पत्र में प्रश्नों एवं अंको का आवंटन निम्नानुसार रहेगा । शेष प्रश्न पत्र की योजना पूर्वानुसार ही रहेगी।

### प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन
### Part A (भाग–'अ') 100 अंक

**प्रथम प्रश्न :–**

इस प्रश्न में कुल A से G तक कुल 07 अत्यंत लघु स्वरूप के प्रश्न रहेगें जिनका उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना होगा। आंतरिक विकल्प नहीं रहेगा। प्रत्येक प्रश्न 04 अकों का होगा इस प्रकार यह प्रश्न कुल 07x04= 28 अंको का होगा।

**द्वितीय प्रश्न :–**

इस प्रश्न में कुल A से E तक 5 प्रश्न लघु स्वरूप के रहेगें जिनका उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 08 अंको का होगा इस प्रकार यह प्रश्न कुल 05x08= 40 अंको का होगा।

**तृतीय प्रश्न :–**

इस प्रश्न में कुल A से B तक कुल 02 प्रश्न दीर्ष उत्तरीय या निबंधात्मक होगे जिनकी प्रत्येक की शब्द सीमा लगभग 250 शब्द होगी तथा प्रत्येक प्रश्न 16 अंको का होगा। इस प्रकार कुल 02x16= 32 अंको का होगा। आंतरिक विकल्प दिया जा सकेगा।

### प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन
### Part B (भाग 'ब') 100 अंक

भाग 'अ' में दिये गये विवरण के अनुसार ही इस प्रश्न पत्र के 'ब' भाग की रचना भी होगी।

(डॉ. एम.एल. गोखरू (जैन)
प्रभारी परीक्षा नियंत्रक